तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 शासन की योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन...



12 ठेका मजदूर हैं भिलाई इस्पात संयंत्र का भविष्य..




## खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण राजनीति दलों की बैठक आज

**बेमेतरा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण याने स्पेशल इंटेंसिव रेविशन एसआईआर कार्यक्रम की घोषणा की गई है। इस संबंध में आज 30 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित दिशा सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, मतदाता सूची के अद्यतन की प्रक्रिया, एवं राजनीतिक दलों की सहभागिता से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से कहा है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

### धारदार हथियार के साथ घूमने वाले पकड़े गए

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ घूमने वाले और लोगों को धमकाने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि तीन अलग-अलग क्षेत्र में धारदार हथियार चाकू तलवार दिखाकर लोगो को डरा धमका वाले मिलपारा डिपरा दुर्ग निवासी रुपेश यादव, गंजपारा अंकित दुबे ,शिप्रापारा मिहिर सोनी को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से धारदार चाकू जब्त किया। तीनों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

### एक्टिवा में लगाई आग अपराध दर्ज

**भिलाई।** वाहन में आग लगाकर फरार होने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि उषा नाग ने शिकायत किया है कि बैक से फायनेंनस से एक्टिवा 6 जी खरीदी थी। जिसे 26 अक्टूबर की रात अज्ञात ने आग लगाकर फरार हो गया। घटना रात 1 बजे की है, एक्टीवा में पेट्रोल डाल कर आग लगाया गया है। घटना में एक्टीवा पूरी तरह से जल गई। परिजनों ने आग के लपेटे को देख बुझाने का प्रयास किया लेकिन एक्टिवा पूरी तरह जल गई।

### फार्म हाउस से एक लाख के समान की चोरी

**सेलूद।** ग्राम अचानकपुर में फुंडा मार्ग पर स्थित चौधरी फार्म हाउस से करीब एक लाख रुपए के सामान की चोरी हो गई है। पुलिस तफ्तीश कर रही है, फिलहाल आरोपी पकड़ से बाहर है। जानकारी के मुताबिक फार्म हाउस में कमरा बना हुआ है। जहां खाना बनाने का सामान और एसी सहित अन्य समान रखा हुआ था। बीती रात अज्ञात चोर ने यहां ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

## उपलब्धि : जिले की गिधवा-परसदा आर्द्रभूमि बनेगी विश्व मानचित्र पर पहचान का प्रतीक

# 143 प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों का स्वर्ग अब बनेगा पर्यटकों का आकर्षण स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़/बेमेतरा

छत्तीसगढ़ की धरती पर प्रकृति, संस्कृति और सरोकार का संगम अब वैश्विक पहचान पाने जा रहा है। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की प्रसिद्ध गिधवा–परसदा आर्द्रभूमि, जो सैकड़ों प्रवासी पक्षियों का स्वर्ग मानी जाती है, अब अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी जगह बनाने की दिशा में अग्रसर है। यह संभव हुआ है केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर सांसद तोखन साहू की दूरदर्शी पहल से, जिन्होंने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव को 220 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना योजना सौंपी। इस योजना में गिधवा–परसदा को रामसर साइट के रूप में मान्यता दिलाने और इको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने का विस्तृत खाका तैयार किया गया है।

- तोखन साहू की ऐतिहासिक पहल से प्रदेश को मिलेगा नया इको–टूरिज्म हब


### प्रवासी पक्षियों का स्वर्ग, अब पर्यटकों का आकर्षण बनेगा

गिधवा–परसदा आर्द्रभूमि हर वर्ष 143 से अधिक प्रजातियों के हजारों से ज्यादा प्रवासी पक्षियों का स्वागत करती है। एशिया से लेकर यूरोप और अफ्रीका तक के पक्षी इस शांत झीलनुमा क्षेत्र में हर सर्दी आशियाना बनाते हैं। यहां राजहंस, ब्राह्मणी बत्तख, पिनटेल, कॉमन टील जैसे दुर्लभ पक्षी दिखते हैं, जो पक्षीप्रेमियों और पर्यावरणविदों के लिए इसे जीवंत प्रयोगशाला बनाते हैं। अब इस क्षेत्र को न केवल पक्षी संरक्षण के लिए सुरक्षित बनाया जाएगा, बल्कि इसे ग्रामीण पर्यटन, पर्यावरण शिक्षा केंद्र और स्थायी आजीविका के मॉडल के रूप में भी विकसित किया जाएगा। तोखन साहू ने कहा कि गिधवा–परसदा नवागढ़ विधानसभा की आत्मा है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना न केवल पर्यावरणीय उपलब्धि है, बल्कि यह हमारे ग्रामीणों, युवाओं और छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति के उत्थान का मार्ग भी खोलेगा। उन्होंने आगे बताया कि इस परियोजना से क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार, स्थानीय लोगों के लिए अतिरिक्त आजीविका साधन और राज्य के लिए पर्यटन आय के नए द्वार खुलेंगे।

**भूपेन्द्र यादव का समर्थन - छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक धरोहर को मिलेगा नया सम्मानः** पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए मंत्रालय के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा गिधवा–परसदा जैसी आर्द्रभूमि न केवल पर्यावरण की धरोहर हैं, बल्कि भारत के इको-टूरिज्म विकास के नए केंद्र बन सकती हैं। छत्तीसगढ़ इस दिशा में देश के लिए उदाहरण पेश करेगा।

### परियोजना के प्रमुख बिंदु

- 220 करोड़ रुपये की समग्र विकास योजना सड़क, प्रशिक्षण, पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन अवसंरचना
- स्थानीय युवाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र एवं बर्ड–वॉचिंग पॉइंट्स की स्थापना
- इको–टूरिज्म सर्किट का निर्माण गिधवा–परसदा को राज्य के अन्य प्राकृतिक स्थलों से जोड़ने की योजना
- ग्रामीण आजीविका मॉडल महिला स्व–सहायता समूहों और स्थानीय कारीगरों को जोड़कर आजीविका संवर्धन
- शैक्षणिक और वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र पक्षी विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन को बढ़ावा



### छत्तीसगढ़ की जैव विविधता का गौरव बनेगा नवागढ़

गिधवा–परसदा अब सिर्फ एक जलाशय नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक पहचान और जनगौरव का प्रतीक बनकर उभर रहा है। इस पहल से नवागढ़ विधानसभा का नाम न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश और विश्व में पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन विकास और ग्रामीण प्रगति के नए केंद्र के रूप में चमकने जा रहा है। गिधवा–परसदा के विकास की खबर से नवागढ़ क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने तोखन साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने कहा - तोखन साहू ने हमारे क्षेत्र की आवाज दिल्ली तक पहुंचाई। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि नवागढ़ की पहचान अब विश्व स्तर पर होगी। यह पहल नवागढ़ की महिलाओं और युवाओं के लिए अवसरों का द्वार खोलेगी। तोखन साहू जी ने सच में नवागढ़ का मान बढ़ाया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू ने कहा - नवागढ़ को इको-टूरिज्म हब बनाने की सोच वाकई दूरदर्शी है। इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ेगा।

# स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक संघ आक्रोशित, 11 शिक्षकों की सेवा समाप्ति पर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने बेमेतरा जिले से जारी उस आदेश पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है, जिसके तहत शासन ने फंड की कमी का हवाला देते हुए 11 संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दीं। संघ ने इसे शिक्षा के मंदिर से संवेदना का निर्वासन बताया और कहा कि यह निर्णय केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनहीनता का प्रतीक है।

- फंड की कमी नहीं, संवेदना की कमी है - संघ ने शासन के निर्णय को बताया अमानवीय
- छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ बोला यह शिक्षा नहीं, संवेदना की परीक्षा है।

प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव ने कहा एक ओर शासन 5000 नई शिक्षकों की भर्ती की घोषणा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं विद्यालयों के प्रशिक्षित और अनुभवी संविदा शिक्षकों को 'फंड की कमी' बताकर बाहर किया जा रहा है।

यह निर्णय न केवल विरोधाभासी है, बल्कि उन शिक्षकों के आत्मसम्मान पर चोट है। जिन्होंने आत्मानंद विद्यालयों की पहचान अपने श्रम और समर्पण से बनाई है। उन्होंने आगे कहा कि फंड की कमी नहीं, संवेदना की कमी है और अब शिक्षक समाज चुप नहीं रहेगा। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि शासन ने तत्काल प्रभाव से इन शिक्षकों की सेवाएं बहाल नहीं कीं, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा।

संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष हेमांगिनी पांडेय ने कहा जब सरकार के पास 5000 नए शिक्षकों के लिए फंड है, तो उन्हीं विद्यालयों में वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए फंड क्यों नहीं?यह केवल शिक्षकों की जीविका का प्रश्न नहीं, बल्कि शासन की नीतिगत संवेदना की परीक्षा है। शिक्षक वह दीपक है जो स्वयं जलकर समाज को रोशन करता है और आज शासन ने उन्हीं दीपकों को बुझाने का कार्य किया है।

संघ ने कहा कि ये वही शिक्षक हैं जिन्होंने वेतन न मिलने पर भी विद्यालयों का संचालन निर्बाध रखा, छात्रों के बीच आशा की लौ जलाए रखी। सात महीने तक बिना वेतन के भी उन्होंने बच्चों को पढ़ाना नहीं छोड़ा क्योंकि उनके लिए शिक्षा नौकरी नहीं, एक साधना थी। और आज जब वही शिक्षक अपनी आजीविका से वंचित किए जा रहे हैं, यह न केवल अन्याय है, बल्कि शिक्षण के पवित्र धर्म का अपमान भी है।

संघ ने घोषणा की है कि पहले चरण में जिला स्तर पर न्याय संकल्प सभा आयोजित की जाएगी और दूसरे चरण में राजधानी रायपुर में शिक्षक सत्याग्रह रैली के माध्यम से पूरे प्रदेश में यह आवाज बुलंद की जाएगी।

# निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण में मतदाताओं की दुबारा जांच होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

निर्वाचन आयोग द्वारा घोषणा के बाद अब जिले में भी एसआईआर की तैयारियां की जा रही है। जानकारी के अनुसार इस प्रक्रिया के दौरान सभी मतदाताओं की दोबारा जांच होगी। हालांकि जिन मतदाताओं का एसआईआर 2002-2003 में हो चुका है, उन्हें अपना पुराना डाटा उपलब्ध कराना होगा।

- 9 दिसंबर प्रारंभिक प्रकाशन, 7 फरवरी को आएगी अंतिम मतदाता सूची
- यूनिक एन्यूमरेशन फार्म के जरिये ली जाएगी मतदाता की पूरी जानकारी

वहीं बीएलओ को उनके क्षेत्र के हर घर में कम से कम तीन बार दस्तक देने के निर्देश दिए गए हैं। महीनेभर तक आवेदन और जांच की प्रक्रिया के बाद 9 दिसंबर को प्रारंभिक और अगले साल 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में बूथ लेवल ऑफिसर यानि बीएलओ मतदाता सूची के एक विशेष पुनरीक्षण अभियान के हिस्से के रूप में घर-घर तीन बार जाएंगे और उन्हें पिछले संक्षिप्त पुनरीक्षण का डेटा भी प्रदान करना होगा। इस अभियान का उद्देश्य नए योग्य मतदाताओं को शामिल करना, मृत या स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं को हटाना और मतदाता सूची की सटीकता सुनिश्चित करना है। इस अभियान में ऑनलाइन आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी और बीएलओ को गरुड़ ऐप का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है।

3 नवंबर तक प्रिंटिंग एवं ट्रेनिंग कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर दस्तक देंगे बीएलओ 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा दिसंबर से 8 जनवरी तक दावा-आपत्ति ली जाएगी दिसंबर से 31 जनवरी तक सुनवाई कर निराकरण होगा 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा

### माता-पिता से मिलाएंगे नाम

सूची में शामिल ऐसे मतदाता जिनके माता-पिता में किसी का भी नाम 2003 की सूची में शामिल है, उनकी सूची भी तैयार कर ली गई है। ऐसे मतदाताओं के साथ कोई दिक्कत नहीं है, उनका सत्यापन बीएलओ सूची तैयार करने के बाद घर-घर जाकर करेंगे। ऐसे मतदाता जो 2003 के बाद जुड़े हैं और उनके माता-पिता में किसी का नाम पुरानी सूची में नहीं है, उन्हें अपने यहां का निवासी होने और पहचान स्थापित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा।

### फार्म के जरिये देनी होगी डिटेल

एसआईआर प्रक्रिया के तहत निर्वाचन आयोग ने एक फार्म यूनिक एन्यूमरेशन फार्म जारी किया है। बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं से यह फार्म भराया जाएगा। इस फार्म में मतदाता से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी ली जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक मतदाता को पिछले एसआईआर के रिकार्ड के तहत अपनी या फिर माता-पिता की जानकारी देनी होगी। ज्ञात हो बीएलओ को फार्म भरने में पूरी तरह से मदद करने के निर्देश दिए गए है।

# सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ छग क्रांति सेना व जेसीपी ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्या सिंह चौहान ,नीलेश साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कुछ अपद्रवी तत्व उनके पदाधिकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से गाली-गलौज कर भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जेसीपी के जिला अध्यक्षों ने ज्ञापन सौंपकर शिकायत में कहा गया है कि फेसबुक पर साहिल संतवाणी और सुमित वीरानी नामक व्यक्तियों द्वारा आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। इस शिकायत के बाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बेमेतरा ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जेसीपी के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि जल्द ही ऐसे उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए उनकी प्राथमिकता है और वे ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जेसीपी के जिला अध्यक्षों सूर्या सिंह चौहान ,नीलेश साहू ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आश्वासन के लिए आभार व्यक्त किया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही शहर में शांति और सौहार्द बहाल होगा।

### आरक्षक की बाइक को आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** जुए के अड्डे में दबिश देने पहुंचे आरक्षक की बाइक में आग लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि आरोपी का नाम नेवई भाठा निवासी दुलेश्वर ठाकुर उर्फ गोल्टू है। घटना 19 अक्टूबर की देर रात करीब 12 बजे नेवई पुलिस को सूचना मिलने पर नेवई भाठा नर्सरी के भीतर पहुंची। जहां युवकों द्वारा जुआ खेला जा रहा था। पुलिसकर्मियों ने अपनी-अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर नर्सरी के भीतर दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा। कार्रवाई के बाद जब पुलिसकर्मी बाहर लौटे तो सड़क किनारे खड़ी बाइक में आग लगी हुई है। बाइक आरक्षक भूमिन्द्र वर्मा का था। जांच के बाद पचा चला कि बाइक में आग लगाने वाला दुलेश्वर ठाकुर है। उसकी खोजबीन कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

## मोदी गारंटी की वादों के पालन की मांग को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर सौंपा ज्ञापन



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने बुधवार कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें मोदी की गारंटी के वादों के पालन और राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) के अनुपालन की मांग की गई है। एसोसिएशन ने सरकार से मोदी की गारंटी के वादों का पालन करने की मांग की है, जिसमें कर्मचारियों और पेंशनर्स के हितों से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में अश्वनी बैनर्जी, आर.के. वर्मा, रोमनलाल जायसवाल, धर्मेंद्र शर्मा, नानक साहू, हितेंद्र सिन्हा और अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।


## आयुक्त ने अधिकारियों-कर्मचारियों से की चर्चा

# आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने कलेक्टोरेट व न्यायालय शाखाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आयुक्त दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर ने बेमेतरा जिले का दौरा कर कलेक्टरेट परिसर तथा न्यायालयीन शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर न्यायालय एवं अतिरिक्त कलेक्टर न्यायालय दोनों का विस्तृत निरीक्षण करते हुए न्यायिक कार्यप्रणाली, प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति तथा रोजनामचा एवं रोस्टर रजिस्टरों का अवलोकन किया। इसके पश्चात खाद्य विभाग और सहकारिता विभाग कार्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रणबीर शर्मा स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने आयुक्त महोदय को बताया कि जिले में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है तथा ई-ऑफिस प्रणाली और केस ट्रैकिंग पोर्टल के माध्यम से सभी मामलों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर श्री शर्मा ने यह भी बताया कि न्यायालयीन प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता और नागरिक सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आयुक्त श्री राठौर ने न्यायालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा करते हुए लंबित मामलों के समयसीमा में निराकरण, रिकॉर्ड संधारण, और आदेशों की अद्यतन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन व्यवस्था आम नागरिकों के लिए सुगम, पारदर्शी और त्वरित न्याय प्रदान करने वाली होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्टरेट परिसर, अभिलेख शाखा, जनसुनवाई कक्ष का भी अवलोकन किया। उन्होंने परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों के रखरखाव, और जनता के बैठने की व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कुछ सुधारात्मक सुझाव भी दिए। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि न्यायालयीन और राजस्व मामलों में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक प्रकरण की प्रगति की निगरानी साप्ताहिक रूप से की जाए। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त कलेक्टर न्यायालय में भी लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण की कार्यवाही चल रही है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर दीप्ती वर्मा और एसडीएम नवागढ़ दिव्या पोटाई सहित न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

- परिसर की स्वच्छता व व्यवस्थाओं की सराहना, सुधार के सुझाव भी दिए



# मुसवाडीह में उच्चस्तरीय जलागार निर्माण का विधायक साहू ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के ग्राम पंचायत मुसवाडीह में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत खम्हरिया समूह जल प्रदाय योजना अन्तर्गत एमबीआर 110 कि.ली./30 मीटर स्टेजिंग लागत राशि 35.86 लाख रुपए का भूमिपूजन ईश्वर साहू विधायक साजा ने किया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का सरपंच नीलेश भारती ने स्वागत करते हुए पंचायत की विभिन्न मांगों से विधायक को अवगत कराया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति गोविन्द पटेल, जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, भारतीय जनता पार्टी साजा मण्डल अध्यक्ष बुलाक साहू भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत मुसवाडीह के सरपंच, सचिव, पंचगण व ग्रामवासी एवं विभाग प्रमुख एस के प्रधान, सब इंजीनियर दाऊलाल वर्मा, एके करैया लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### 12 ग्रामों के निवासियों को मिलेगा लाभ

ग्राम मुसवाडीह में 110 कि.ली./30मीटर स्टेजिंग के उच्चस्तरीय जलागार निर्माण से क्षेत्र अन्तर्गत आसपास के 12 ग्रामों जाता, बोतका, सिंघनपुरी, भरदाकला, बरगड़ा, सोमईखुर्द, सोमईकला, बेलतरा, बेलगांव, उरैहा, टेढ़ी एवं भेण्डरवानी में शुध्द पेयजल की आपूर्ति होगा। पेयजल समस्या का निराकरण होगा। इस दौरान सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राम जानकी मंदिर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का आतंक पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

**भिलाई।** खुर्सीपार लक्ष्मी नारायण वार्ड 44, राम जानकी मंदिर क्षेत्र में देर रात तक चल रही असामाजिक और गैर-कानूनी गतिविधियों ने स्थानीय निवासियों में भारी दहशत पैदा कर दी है। मोहल्लेवासियों ने खुर्सीपार थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए गश्त बढ़ाने की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि देर रात 11 बजे के बाद मंदिर के सामने वाली सड़क पर कुछ युवक खुलेआम गांजा और शराब का सेवन करते हैं, अभद्र गालियां देते हैं। विरोध करने पर धमकी दी जाती है। असामाजिक तत्वों के कारण महिलाएं और लड़कियां छेड़छाड़ की शिकार हो रही हैं और उनका घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पूरे मोहल्ले में भय और अशांति का माहौल है। आप नेता जसप्रीत सिंग ने मोहल्लेवासियों का समर्थन करते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। जसप्रीत सिंग ने कहा इलाके में असामाजिक तत्वों का आतंक बहुत चिंताजनक है। हमारी मांग है कि पुलिस प्रशासन इस अति-संवेदनशील मामले का संज्ञान ले और पेट्रोलिंग को तत्काल प्रभाव से बढ़ाए।

### एल्यूमिनियम फैक्ट्री में लगी आग, दो दमकल ने बुझायी



**भिलाई।** एल्युमिनियम फैक्ट्री में अचानक आग लग जाने से आसपास में अफरा तफरी मच गई। आग फैक्ट्री के भीतर मौजूद मशीनरी और एल्युमिनियम पाउडर में तेजी से फैल रही थी। मौके पर फायर ब्रिगेड की 2 दमकल वाहन तुरंत पहुंची और एक घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक पाटन स्थित ग्राम पुनेइडीह स्थित अनुभव एल्युमिनियम वर्क प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में मंगलवार की सुबह अचानक आग लग गई। सूचना पर दमकल वाहन पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी में फैक्ट्री के मशीनरी और सामग्री को नुकसान हुआ है, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अज्ञात कारणों से फैक्ट्री में आगजनी होना बताया जा रहा है। घटना की जांच पाटन कर रही है। जांच के बाद ही आगजनी की घटना स्पष्ट हो पाएगी। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक दुर्ग अग्निशमन की दो दमकल वाहन मौके के लिए रवाना की गईं। फायर ब्रिगेड की टीम ने कुछ ही समय में पुनेइडीह पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। घटना में कितने का नुकसान हुआ है जानकारी नहीं मिल पाई है। दल प्रभारी भगवती बंजारे एवं प्रवीण बार के नेतृत्व में फायर कर्मी कुलेश्वर सिंह, नितिन रामटेक, प्रवीण सिंह और पराग भोसले ने मौके पर पहुंचे थे।

# सुपेला से गदा चौक तक चला निगम का बुलडोजर, कब्जाधारियों में भगदड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई ने मंगलवार को जोन-1 और जोन-2 क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। निगम आयुक्त के निर्देश पर यह अभियान सुपेला घड़ी चौक से लेकर गदा चौक तक चला। दोनों ओर सड़कों और नालों पर बने अवैध कब्जों को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। कई लोग टाइल्स बिछाकर रखे थे, उसे भी उखाड़ दिया गया। कार्रवाई शुरू होते ही लक्ष्मी नगर और संडे बाजार इलाके में हड़कंप मच गया। निगम का तोड़फोड़ दस्ता पहुंचते ही कब्जाधारी और सड़क पर दुकान लगाने वाले व्यापारी अपना सामान समेटने लगे। कई लोगों ने निगम की कार्रवाई से पहले ही खुद ही कब्जा हटा लिया।

## जेसीबी से ढहाए गए अवैध कब्जे, आयुक्त के निर्देश पर की गई कार्रवाई





### 30500 रुपए का किया चालान

कार्रवाई सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहा। जोन 1 एवं 2 मिलाकर कुल 90 दुकानों के सामने बांस बल्ली से किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। जोन 2 क्षेत्र के 12 दुकानदारों से सड़क बाधा शुल्क के रूप में 30500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। 7 दुकान के बाहर नाली के ऊपर किए गए कांक्रिट ढलाई को जेसीबी से तोड़ा गया है।

वार्ड प्रभारी नंद कुमार सिन्हा ने बताया कि अवैध निर्माणों और नालों पर कब्जा हटाने का यह अभियान आयुक्त के निर्देश पर चलाया गया है। जोन-1 से सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी, प्रसन्न तिवारी, वार्ड प्रभारी विनोद शुक्ला और जोन-2 से सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, तोड़फोड़ प्रभारी हीरोम गुप्ता और अंजनी सिंह सहित निगम की पूरी टीम मौके पर मौजूद रही। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। सड़क और नालों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ बिना किसी पूर्व सूचना के कार्रवाई की जाएगी।

### चार साल बाद भी वेतन समझौता नहीं होने से बढ़ रहा असंतोष

# ठेका मजदूर हैं भिलाई इस्पात संयंत्र का भविष्य, फिर भी नहीं बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के हजारों ठेका मजदूरों के वेतन समझौता को लेकर उच्च प्रबंधन की उदासीनता का खामियाजा इस तबके को भुगतना पड़ रहा है। मजदूरों की संख्या नियमित कर्मचारियों से दोगुनी और इनके बराबर योगदान होने के बाद भी वेतन और अन्य सुविधाएं कम होने से असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से श्रमिकों के वेतन समझौता निर्धारण करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में करीबन 25 हजार ठेका मजदूर काम करते हैं। जबकि नियमित कर्मचारी मात्र 12 हजार ही हैं। यानी नियमित से दोगुनी संख्या में ठेका मजदूर यहां काम कर रहे हैं। पूरे सेल में एक लाख से अधिक मजदूर कार्यरत हैं। यह श्रमिक सीधे उत्पादन को छोड़कर अन्य सारे काम नियमित की तरह कर रहे हैं। लेकिन वेतन और अन्य सुविधाएं एक चौथाई से भी कम हैं। यूनियनों के मुताबिक मजदूरों के जिस तेजी से बीएसपी सहित सेल की अन्य उपक्रमों में नियमित कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं और ठेका मजदूरों की संख्या बढ़ रही है। इसे देखते हुए निकट भविष्य में प्लांट चलाने में ठेका मजदूर मुख्य भूमिका में होंगे। इसके बाद भी अब तक मजदूरों के वेतन समझौता पर सेल प्रबंधन नीम बेहोशी में है। गौरतलब हो कि सभी मजदूर संगठनों द्वारा नियमित की कर्मियों की तरह मजदूरों का भी वेतन समझौता निर्धारण करने की मांग सेल प्रबंधन से की जा रही है। लेकिन न तो उनका वेतन समझौता किया जा रहा है और न ही नियमानुसार वेतन, सुविधाएं आदि दिलवाई जा रही हैं। मजदूरों के चौतरफा शोषण को लेकर लोकल व उच्च प्रबंधन अकर्मण्य बना हुआ है।

## एस- इलेवन ग्रेड के कर्मचारी के बराबर मिले वेतन



### आश्वासन के बाद भी समझौता नहीं

यूनियनों द्वारा पिछले पांच साल से ठेका मजदूरों के लिए वेतन समझौता निर्धारण की मांग की जा रही है। इसके तहत सेल के एस -11 ग्रेड के कर्मचारी के वेतन के बराबर वेतन निर्धारण करने की मांग की जा रही है। इसी हिसाब से बोनस, सभी भत्ते और प्रमोशन आदि सुविधाएं भी मिलें। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू बताते हैं कि 4 साल पूर्व दिल्ली में हुई एनजेसीएस बैठक में मजदूरों के वेतन समझौता की मांग सभी यूनियनों ने एकजुटता से की थी। प्रबंधन ने आश्वासन भी दिया था। लेकिन अब तक परिणाम शून्य होने से मजदूरों में असंतोष बढ़ रहा है। बीएसपी में सभी कार्यों में श्रमिकों का योगदान नियमित के बराबर होने के बाद भी न्याय नहीं हो रहा है।

### कीर्तिमानों के बाद भी मजदूर शोषित

बीएसपी में वर्क्स और नान वर्क्स में श्रमिक नियमित कर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। प्लांट व टाउनशिप हाउस कीपिंग, हेल्थ, शिक्षा, मेंटेनेंस, सफाई आदि सभी क्षेत्रों में हजारों पुरुष महिला मजदूर योगदान दे रहे हैं। अकुशल, कुशल,अर्धकुशल चार श्रेणियों के श्रमिक काम कर रहे हैं लेकिन वेतन 4 हजार से 7 हजार तक ही है। बोनस भी 70 प्रतिशत मजदूरों को नहीं मिलता । बाकी को भी बोनस एक्ट के तहत ठेकेदार नहीं देते हैं। पीएफ, विभिन्न भत्ते,सुरक्षा उपकरण आदि में भी डंडी मार रहे हैं। प्रथम नियोक्ता होने के नाते बीएसपी प्रबंधन भी ठेकेदारों पर दबाव बनाने के लोकर सुस्त बना हुआ है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि प्लांट उत्पादन में रोज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है लेकिन मजदूरों के वेतन , बोनस व पीएफ को लेकर सुस्त बना हुआ है। वेतन समझौता जल्द किया जाए।

# भिलाई में प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के लिए ऋण मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मकान किस्त जमा करने में दिक्कत झेल रहे हितग्राहियों की मदद के लिए नगर निगम भिलाई ने मंगलवार को आवास ऋण मेला आयोजित किया। यह मेला बैकुण्ठधाम स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में हुआ।

■ आवास ऋण मेला में 130 लोगों ने लिया हिस्सा

नोडल अधिकारी और अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा ने बताया कि कई हितग्राही आर्थिक तंगी के कारण किस्त नहीं भर पा रहे थे। इसी को देखते हुए कम ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराने के लिए यह मेला रखा गया। कार्यक्रम में स्वतंत्र बैंक, इजी होम लोन फाइनेंस, आवास लोन फाइनेंस और जना बैंक फाइनेंस जैसी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने आवास ऋण देने के लिए हितग्राहियों से सीधे बातचीत की। करीब 130 हितग्राही मेले में पहुंचे, जिनमें से 12 से 13 लोग ऋण स्वीकृति की श्रेणी में आए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, अभिषेक बजाज, संभागीय सीएलटीसी जीवन ताम्रकार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### बीएसपी फायर सेफ्टी क्वेस्ट स्पर्धा चार को

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग द्वारा 4 नवंबर को दोपहर 2 बजे, मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में फायर सेफ्टी क्वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, आग से संबंधित खतरों एवं सुरक्षा उपायों की समझ विकसित करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और उपयुक्त प्रतिक्रिया देने की क्षमता को सुदृढ़ करना है। रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी गैर-कार्यपालक कर्मचारी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेनी की पंजीकरण की अंतिम तिथि 3 नवम्बर है।

# पीजी नर्सिंग कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा इस वर्ष की थीम "सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी" पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे चित्रकला, निबंध, स्लोगन, तात्कालिक भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जा रहा है। हॉस्पिटल सेक्टर स्थित पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में द्विभाषी (हिन्दी एवं अंग्रेज़ी) भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा सभी लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। निर्णायक में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अभिलेखा बिस्वाल और महाप्रबंधक आर. रंजनी थीं। निर्णायक ने प्रतिभागियों के वक्तव्यों का मूल्यांकन करने के साथ "सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर अपने विचार भी साझा किए।

■ विजेताओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में 25 विद्यार्थियों ने साथ सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर विचार व्यक्त किया और समाज में ईमानदारी तथा नैतिक मूल्यों के प्रसार का संदेश दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक रेणु गुप्ता तथा वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका स्नेहा गुहा तथा प्रोफेसर डॉ. श्रीलता पिल्लई ने आभार व्यक्त किया।



### बार एंड रॉड मिल ने रचा नया कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल ने 10 मिलीमीटर टीएमटी बार श्रेणी में 2598 टन (1261 बिलेट्स) का रिकॉर्ड उत्पादन कर नया दिवस कीर्तिमान" स्थापित किया। साथ ही बीआरएम ने 21 सितंबर 2024 को दर्ज 2590 टन (1259 बिलेट्स) के रिकॉर्ड को पार किया।

बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र तथा कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व विभागाध्यक्ष सीजीएम योगेश शास्त्री ने टीम बीआरएम को बधाई दी है। इस उपलब्धि को पूरे कार्यबल के समर्पण और मेहनत का परिणाम बताया है।

# राज्योत्सव में दुर्ग जिले से हजारों कार्यकर्ता जाएंगे राजधानी रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




नवा रायपुर में 1 नवंबर को रजत जयंती राज्य उत्सव समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होना है। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर दुर्ग जिला भाजपा की बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में हुई। आयोजित बैठक में उपस्थित नेताओं के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान कर दुर्ग जिले की उपस्थिति प्रदेश के द्वारा तय गए संख्या के आधार पर करने का आहवन किया गया।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती महोत्सव हम सभी मनाने जा रहे हैं और आप सभी जानते हैं छत्तीसगढ़ की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा की गई थी। इस बार राज्योत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसका नेतृत्व दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के द्वारा किया जाएगा। सर्वप्रथम 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम पटेल चौक से प्रारंभ होगा जो जेल तिरहा के पास खत्म होगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दिलीप साहू ने किया आभार जिला मंत्री गिरेश साहू ने किया। बैठक में महापौर अलका बाघमार, उषा टावरी, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, पवन शर्मा, श्याम शर्मा, कुलेश्वरी देवांगन, दयानंद सोनकर, योगेश निक्की भाले, श्वेता अग्रवाल, माया बेलचंदन, अजय तिवारी, शिव चंद्राकर, निशा सोनी आदि मौजूद थे।

## सेक्टर 1, सेक्टर 6 व रिसाली सेक्टर में बढ़े अवैध निर्माण

# टाउनशिप के कई सेक्टरों में गोदाम के रूप में किराए पर उठा दिए गए गैराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के कई सेक्टरों में आवासों के सामने गैराजों के नाम पर बड़े बड़े अवैध गोदाम बनाकर किराए पर उठाने का धंधा जोरों पर चल रहा है। ऐसे कमर्शियल गोदामों से बीएसपी कर्मचारी हजारों रुपए पीट रहे हैं। क्रास स्ट्रीटों के किनारे बने इन गोदामों से बीएसपी को दोतरफा नुकसान हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के सभी सेक्टरों में बीएसपी क्वार्टरों सामने रहवासियों के दोपहिया व कार आदि रखने के लिए गैराज पहले से बने हुए हैं। रशियन कालोनी सेक्टर 6 और सेक्टर दस और सेक्टर नौ में ऐसे गैरेज टाउनशिप के निर्माण के समय से ही बीएसपी द्वारा बनाए गए थे। इनके अलावा अन्य सभी सेक्टरों में अपने आवासों के सामने खुद रहवासी बीएसपी कर्मियों ने बना रखे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से कई रहवासियों ने सेक्टर 1, सेक्टर 6 और सेक्टर 5 आदि सेक्टरों में जगह जगह गैराज निर्माण कर इन्हें गोदामों के रुप में किराए पर उठा दिए हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर एक में गैराज रोड पर बचत स्तंभ के निकट दो दर्जन से अधिक गैराज कर्मिशियल उद्देश्य से बनाकर इनका उपयोग गोदामों के रुप में हो रहा है। कर्मियों ने अपने गैरेज पावरहाउस मार्केट, खुर्सीपार या सुपेला मार्केट आदि के व्यवसायियों को प्लाईवुड, टाइल्स, सीमेंट और कलपुर्जे आदि रखने के लिए दे रखे हैं। इनका किराया 5 सौ से तीन हजार रुपए तक लिया जा रहा है। कई गोदामों में तो बकायदा सप्लायर व्यवसायियों ने अपने बोर्ड भी लगा रखे हैं। सेक्टर 6 मार्केट व आजाद मार्केट के निकट क्रास स्ट्रीटों में भी कई गैराजों का निर्माण कर गोदाम की तरह किराए पर चलाया जा रहा है। बताते हैं कि कई गोदाम लंबी टिन, टाटा शीट के अलावा ईटों से पक्के भी बनाए गए हैं। क्रास स्ट्रीटों से लगे जगह जगह बनाए गए ऐसे अवैध गोदामों से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है वहीं बीएसपी को संपत्ति व रेवेन्यू का नुकसान भी हो रहा है। मामले में नगर सेवाएं विभाग बेखबर बना हुआ है।






### सेक्टर 6 बना टैंट मार्केट

सेक्टर 6 में टैंट हाउस वालों का कब्जा धड़ल्ले से बढ़ रहा है। सी मार्केट व बी मार्केट के निकट बीएसपी आवासों के नीचे परिसर में कब्जा कर बांस बल्ली, तंबू आदि का सामान रखे हुए हैं। ऐसे कई स्टोर या खुले गोदामों में पांच से सात सैट का सामान भरा पड़ा है। रहवासियों ने बताया कि टैंट हाउस वालों की गाड़ियां भी यहां खड़ी रहती हैं। अवैध कब्जा कर टैंट, कैटरिंग व डीजे का कारोबार करने वाले हजारों रुपए कमा रहे हैं। कई खुले स्टोर बीएसपी आवासों तो कई अनफिट व डिस्मेंटर आवासों के परिसर में संचालित किए जा रहे हैं।

# शहर में रात 11 बजे के बाद नहीं खुले रहेंगे स्पा सेंटर, अवैध काम रोकने थाना पुलिस करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्पा सेंटरों में चल रहे अवैध कारोबार और देर रात खुलने वाले ऐसे सेंटर पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अभियान चलाकर लगातार स्पा सेंटरों पर कार्रवाई कर रही है। स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में 40 स्पा सेंटर संचालित हैं, इसमें कुछ पर कार्रवाई भी हो चुकी है। इसी तरह भिलाई-दुर्ग में सैकड़ों की संख्या में खुल चुके हैं।

स्पा के अलावा कई अवैध काम होने की भी शिकायतें सामने आते रही हैं। स्पा सेंटरों पर कार्रवाई करने के लिए थाना क्षेत्र में टीम बनाई गई है। उक्त सेंटरों की हर जानकारी अब थानेदार को अपने पास रखना होगा। इसके अलावा स्पा सेंटरों में विदेशी आते हैं, उनकी सारी जानकारी विभाग को अवगत भी कराना अनिवार्य है। जिस सेंटर में अवैध कारोबार की शिकायत मिलने पर उसका गुमास्ता कैंसल करने की प्रक्रिया की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक अब स्पा सेंटर खोलने के लिए हर परेशानियों से अब खुल पाएगा। पहले गुमास्ता आसानी से बन जाया करता था। अब यह नहीं बन पाएग, किसी भी स्पा सेंटर की शिकायत मिलने पर पुलिस जांच करेगी। स्पा सेंटर से जुड़े लोगों द्वारा चलाए जा रहें अवैध कारोबार को लेकर अब पुलिस सख्त हो गई है।

**खबर संक्षेप**

## दाऊ वासुदेव की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कल



दुर्ग। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक दाऊ वासुदेव चन्द्राकर की 18वीं पुण्यतिथि 30 अक्टूबर को श्रद्धा व सम्मानपूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा विभिन्न श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे मालवीय नगर चौक दुर्ग में होगा, जहां स्व. दाऊ वासुदेव चन्द्राकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। कांग्रेसजनों, जनप्रतिनिधियों एवं स्नेहीजनों की उपस्थिति में यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन में स्व. दाऊ वासुदेव चन्द्राकर जी के तैलचित्र का स्थापना समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दाऊजी के जीवन, संघर्ष एवं सार्वजनिक सेवा के योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। स्व. दाऊ वासुदेव चन्द्राकर ने अपने राजनीतिक जीवन में जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए विकास के कई कार्यों को दिशा दी थी। वे अपने सादगीपूर्ण स्वभाव और समाजसेवा के प्रति समर्पण के लिए जन-जन में आदरणीय रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के उपाध्यक्ष विशाल देशमुख ने सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं दाऊजी के शुभचिंतकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि समारोह में भाग लें।

## सांस्कृतिक भवन में होंगे पेयजल के इंतजाम, महापौर ने की 5 लाख की घोषणा

दुर्ग। गहिरा गुरु धाम यादव




सांस्कृतिक भवन में दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने यादवों के साथ गौ माता को खिचड़ी खिलाकर, पूजा अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण के आदम कद प्रतिमा की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर समाज द्वारा महापौर को सम्मानित किया गया। महापौर के समय सांस्कृतिक भवन में शौचालय और पेयजल के लिए नलकूप का इंतजाम किए जाने की मांग रखी गई, जिस पर महापौर ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के अध्यक्ष कमलेश यादव ने इस पर महापौर का समाज की तरफ से आभार व्यक्त किया गया। महापौर ने कहा कि जब तक राउत के दोहा व बाजा न बजे देवारी तिहार अधूरा रहता है। यादव श्रेष्ठ कृष्ण के गोवर्धन धारण सहकारिता के शानदार उदाहरण है। आप सभी सहकारिता से जुड़े व सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ लें। सशक्त बनें। यादव समाज सभी क्षेत्रों में अग्रणी हैं। राजनीति का मंतर देने वाले कृष्ण का वंश है। यादवों ने परंपरागत अहीर पगड़ी, खुरमी, तेदुसार, फुलैता व कृष्ण पितांबरी गमछा पहनाकर महापौर का स्वागत किया। कार्यक्रम में गहिरा गुरु राजेश यादव, हर्ष हिंद यादव, उमराव यादव, ललित यादव, ब्रह्मदत्त यादव, पूर्व पार्षद मीना सिंह, विजय जलकारे, करुणा यादव, राजेश शुक्ला, ललित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# मतवारी की बेटी नीलिमा को मिला आईएएस कैडर, सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मतवारी की बेटी नीलिमा साहू अब आईएएस कैडर के अंतर्गत प्रशासनिक सेवा देंगी। नीलिमा वर्तमान में बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) के माध्यम से चयनित होकर विशेष कार्य पदाधिकारी (ओ एस डी) के तौर पर बिहार सरकार में सेवा दे रही थी। अब उनका चयन निर्धारित रिक्तियों के विरुद्ध भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्ति के लिए हो गया है।

इस संबंध में केंद्र सरकार ने 27 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर दी है। नीलिमा साहू के पिता भैया लाल साहू रिटायर्ड हेडमास्टर और मां ढ़ेलेश्वरी साहू गृहिणी हैं। माता-पिता का शुरू से ही



(TO BE PUBLISHED IN THE GAZETTE OF INDIA, PART I, SECTION 2)
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Personnel & Training

New Delhi, the 27th October, 2025

NOTIFICATION

No. ........ - In exercise of powers conferred by Rule 8(2) of the Indian Administrative Service (Recruitment) Rules, 1954 read with Regulation 8 of the Indian Administrative Service (Appointment by Selection) Regulations, 1997 and Rule 3 of the Indian Administrative Service (Probation) Rules, 1954, the President is pleased to appoint the following members of the Non-State Civil Service of Bihar to the Indian Administrative Service against the vacancies determined by Government of India under Regulation 3 of the said Regulations in consultation with the State Government for the Select List of 2024 (Non-SCS), on probation until further orders and to allocate them to the Bihar Cadre, under Rule 5(1) of the Indian Administrative Service (Cadre) Rules, 1954.-

Select List of 2024 (Non-SCS)
(Prepared against vacancies arises between 01.01.2024 to 31.12.2024)

| Sl. No. | Name of the officer (Shri/Smt.) | Date of Birth |
|---|---|---|
| 1. | Neelima Sahu | 14.01.1979 |
| 2. | Niharika Chhavi | 16.10.1986 |

No. 14015/04/2025-AIS.I(S.III/II)-B

(Awanish Kumar Mishra)
Under Secretary to the Government of India
Phone No. 24010414

To

सपना था कि उनकी बेटी आई ए एस बने और नीलिमा ने अपनी मेहनत से यह सपना साकार कर दिखाया है।

नीलिमा ने बताया कि यह उनका गैर राज्य सिविल सेवा (नॉन एस सी एस) के तहत यूपीएससी का पहला प्रयास था। इससे पहले वे यूपीएससी में दो बार दो इंटरव्यू तक पहुँचीं, लेकिन चयन नहीं हो सका। हार न मानते हुए उन्होंने अपने अनुभवों से सीखा और तैयारी में और अधिक समर्पण से जुट गईं।

इसी बीच, उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की और वर्तमान में बिहार अल्पसंख्यक कल्याण सेवा की अधिकारी रहते हुए अतिरिक्त प्रभार एवं प्रतिनियुक्ति पर कई विभागों में अपनी सेवा देती रही व कार्यरत रहीं। अंततः उन्होंने यू पी एस सी परीक्षा में सफलता हासिल की।

**बीपीएससी से शुरू हुआ सफर, अब बनीं आईएएस**



### मनाया सफलता का जश्न, आंखों में गर्व और खुशी के हैं आंसू

उनकी इस उपलब्धि से ग्राम मतवारी सहित पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने मिठाइयाँ बाँटकर नीलिमा की सफलता का जश्न मनाया। परिवार के सदस्यों की आँखों में गर्व और खुशी के आँसू हैं। क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर ने नीलिमा साहू को फोन कर सफलता की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नीलिमा ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है और युवाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। वर्तमान में वे बिहार प्रवास पर हैं और लौटने पर नीलिमा से मिलकर व्यक्तिगत रूप से बधाई देने की बात कही। नीलिमा कहती हैं, "असफलता अंत नहीं, बल्कि सीखने का एक मौका है। यदि मन में ठान लिया जाए, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं रहती।" नीलिमा की यह सफलता न केवल क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से हर सपना साकार किया जा सकता है।

## धान उपार्जन हेतु प्रशिक्षण शिविर, कलेक्टर ने दी गाइडलाइन की जानकारी

# 9 नवंबर से कटेंगे टोकन, 15 से धान खरीदी एग्रीटैक में पंजीयन के लिए भटक रहे बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर मंगलवार को दुर्ग, धमधा, पाटन एवं भिलाई-3 चरोदा के सभी अनुविभागों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, नोडल अधिकारी, धान उपार्जन केंद्र, सहकारी समितियों के अध्यक्ष/प्राधिकृत अधिकारी, समिति प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति के प्रतिनिधि एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों को तीन पालियों में बीआईटी कॉलेज दुर्ग में प्रशिक्षण दिया गया। बता दें कि एग्रीटैक पोर्टल में पंजीयन को लेकर किसान खासे परेशान हो रहे हैं। लगातार दिक्कत बनी हुई है। 150 से ज्यादा ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनके थम्प इंप्रेशन नहीं मिल रहे हैं। आई रेस भी अपलोड नहीं हो पा रहा है। इस वजह से लगातार वे चक्कर काट रहे हैं। पिछले साल जिले में 1.14 लाख किसानों ने धान बेचा था। इस बार भी इतने ही किसानों के पंजीयन का अनुमान है। वर्तमान में 98 फीसदी से ज्यादा ने पंजीयन करा लिया है। मंगलवार को बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जानकारी दी कि 15 नवम्बर से धान की खरीदी शुरू होगी। 123 खरीदी केंद्रों में उपार्जन होगा। 9 नवम्बर से टोकन कटना शुरू हो जाएगा। उन्होंने 30 अक्टूबर तक सभी शेष किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**भिलाई-3 चरोदा के सभी अनुविभागों में प्रशिक्षण**



### 98 फीसदी से ज्यादा किसानों के पंजीयन का किया जा रहा दावा

प्रशासन द्वारा 98 फीसदी से ज्यादा किसानों के पंजीयन का दावा किया गया है। पिछले 24 से 26 अक्टूबर के बीच शिविर भी लगाए गए, जिसमें कई तकनीकी दिक्कतें सामने आई। इस वर्ष धान बेचने के लिए किसानों को 31 अक्टूबर के पूर्व एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया। इसके लिए विगत कई महीनों से समितियों में च्वाईस सेंटर के द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन का कार्य चल रहा है। जिले में 4292 किसान ऐसे हैं जिनकी व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है तथा 1737 किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन लंबित है। इन सभी प्रकरणों का निराकरण कर पंजीयन किया जा रहा है। सेवा सहकारी समिति सिरसाखुर्द में 1196 पंजीकृत कृषक है। जिसमें 1090 का पंजीयन हो चुका है। व्यक्तिगत जानकारी के अभाव में 106 शेष है। सेवा समिति करंजा भिलाई में 1161 पंजीकृत किसानों में से 24 का पंजीयन होना शेष है। सेवा सहकारी समिति कोड़ियि में पंजीकृत 2037 कृषकों में से 17 कृषकों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन होना शेष है। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति अहिवारा में पंजीकृत 1616 कृषकों में 1600 का पंजीयन हो चुका है।

### नोडल अफसर अगले तीन दिनों तक समितियों का करेंगे निरीक्षण

कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अगले दो-तीन दिनों में अपने-अपने केंद्रों का निरीक्षण कर लें। जहां भी कोई कमी हो, उसकी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं, ताकि सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो सके। मोबाइल नेटवर्क, स्टोरेज की स्थिति और ट्रकों के मार्ग में आने वाली बाधाओं की जांच पहले ही कर ली जाए। कलेक्टर ने कहा कि 36 संवेदनशील केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। पहली बार नोडल अधिकारी बने अधिकारियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी नीति का गहन अध्ययन करने तथा किसी भी शंका के समाधान के लिए ग्रुप में चर्चा करने को कहा। साथ ही प्रत्येक सप्ताह मिलान अनिवार्य रूप से किया जाए और किसानों के रकबा समर्पण की प्रक्रिया समय पर सुनिश्चित की जाए।

### कोचिया और बिचौलियों पर नजर रखने के निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई किसान पूरा बेच दिया तो तत्काल रकबा समर्पण कराए। सर्मपण हेतु घोषणा पत्र प्रारूप खाद्य विभाग से जारी कर दें। खरीदी केंद्रों में कोचिया व बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। खरीदी के दौरान उपस्थित किसानों से उनके दस्तावेज और ऋण पुस्तिका की जांच अवश्य की जाए। कलेक्टर ने मिलर्स के साथ समन्वय बनाए रखने, समय पर धान उठाव सुनिश्चित करने और हमालों को समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। किसी भी विवाद या समस्या की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारियों को देने को कहा। खाद्य निरीक्षक अनुराग भदौरिया ने धान उपार्जन केंद्रों में गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी, मानक आकार के स्टैक निर्माण, किस्मवार धान की स्टैकिंग, पुराने बारदाने के लेखांकन व मिलान और किसान टोकन तुंहर हाथ की विस्तृत जानकारी दी। मिलर्स से केवल जूट के बारदाने 40 किलोग्राम धान भराई के मान से ही प्राप्त किए जाएं। बारदाने अच्छे एवं उपयोग योग्य हों।

# डस्टबिन और कंटेनर नहीं होने से सड़क पर डंप हो रहा कचरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई के पटरीपार क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई गई है। गली-मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर कचरे का ढेर लगा रहता है। जीई रोड के किनारे अस्थाई रूप से कचरा डंप हो रहा है। गंदगी और उठती बदबू से लोगों को हर दिन परेशानी उठानी पड़ रही है।

- पटरीपार क्षेत्रों में पूरी तरह से चरमरा गई सफाई व्यवस्था

पर्याप्त कंटेनर नहीं होने की वजह से सफाई कर्मियों और स्थानीय लोगों को सड़कों पर ही कचरा फेंकना पड़ रहा है। नतीजा ये है कि मवेशी इन कचरों को फैलाकर सड़क भर में गंदगी फैला देते हैं। सुपेला के महिंद्रा शो रूम के पास, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास, रामनगर बघवा मंदिर चौक और रावणभाठा मुख्य द्वार पर सुबह से रात तक कचरे के ढेर लगे आसानी से देखा जा सकता है। व्यस्ततम मार्ग होने के कारण यहां लोगों की आवाजाही रहती है। आसपास के लोग बदबू और गंदगी से परेशान हैं, लेकिन व्यवस्था जस की तस है। बता दें कि शहर में कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई का नियम है। निगम द्वारा कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। इसलिए कचरा फैलाने वालों के हौसले बुलंद हैं। इधर लोगों ने मांग की है कि मोहल्ले या वार्ड में नागरिक समिति बनें, जो सफाई की निगरानी करे। नगर निगम अगर महीने में एक बार उस समिति के साथ मीटिंग करें, तो शिकायतें सीधे फील्ड लेवल पर सुलझाई जा सकती हैं।

### शहर सुंदर रखना नागरिकों की भी जिम्मेदारी है

शहर को डस्टबिन मुक्त आदेश के बाद सभी बड़े कंटेनर हटा दिए गए हैं। मार्केट क्षेत्र में सूखा और गीला कचरे के लिए छोटे डस्टबिन रखे गए हैं। निगम अधिनियम 1956 की धारा 434 ऐसे मामलों में दंड का प्रावधान करता है।

**-जावेद अली,** स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम भिलाई

## कैंप क्षेत्र में झुलसे दिव्यांश की सर्जरी के लिए विधायक की एक और पहल



**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत कैम्प क्षेत्र में झुलसे दिव्यांश की सर्जरी के लिए विधायक रिकेश सेन ने एक और पहल की है। उन्होंने इस बच्चे की सर्जरी और उपचार का पूरा खर्च स्वयं वहन करेंगे। सुबह विधायक कार्यालय में बच्चे के माता-पिता ने सम्पर्क कर सर्जरी में हो रहे बड़े खर्च को लेकर आर्थिक रूप से अक्षमता जताई।

पटना के छठे घाट उगते सूर्य को अर्घ्य देने मौजूद विधायक रिकेश सेन से दिव्यांश के पिता ने फोन पर बात की। उन्होंने बताया कि दिव्यांश साहू के ऊपर कुछ बदमाशों ने बम जला कर फेंक दिया था, जिससे उनका बेटा बुरी तरह झुलस गया है। बीएम शाह हास्पीटल में उसे उपचारार्थ भर्ती कराया गया है। उसकी एक बड़ी सर्जरी होनी है जिसके लिए वो रूपये नहीं दे पा रहे हैं। रिकेश ने न केवल दिव्यांश के पिता को सर्जरी के पूरे खर्च का जिम्मा खुद उठाने का आश्वासन दिया, बल्कि बीएम शाह हास्पीटल के सर्जन डॉ. कोठारी से दिव्यांश के जल्द स्वस्थ होने के संबंध में चर्चा भी की। दूसरी तरफ सेक्टर-9 हास्पीटल में एडमिट अभिषेक यादव और हेमचंद्र के विषय में भी उन्होंने चिकित्सकों से चर्चा कर दोनों के शीघ्र स्वस्थ होने की छठी मैया से प्रार्थना भी की।

## छठ की धूम रही उतई में



हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

सूर्य उपासना का महापर्व छठ पर्व नगर पंचायत उतई में बड़े ही उत्साह व धूमधाम से मनाया गया। आज सुबह नगर पंचायत उतई के शीतला तालाब में व्रती महिलाओं ने उगते भगवान सूर्य को जल अर्पित कर परिवार के सुख शांति की मंगल कामना की।

व्रती माताओं अपने परिवार सहित सुबह 5 बजे शीतला तालाब में बने घट पर पहुँचकर कर सबसे पहले तालाब किनारे बनी वेदियों की पर गन्ने का मंडप सजाया फिर छठ माता की पूजा के लिए घरों से सिंजरे में सजाकर लाए फल ,मिठाई और पारंपरिक पकवान ठेकआ ,लडडू आदि का भोग लगाया। इस अवसर पर उपस्थित नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू ने सभी श्रद्धालुओं से भेंट कर छठ पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सेवानिवृत्त हुए बीएसपी कर्मियों को दी विदाई, अनुभव किए साझा

- रिटायर कर्मी बोले- बीएसपी कर्मियों के बीच से.-6 सोसाइटी की विश्वसनीयता हमेशा कायम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में सितंबर और उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को विदाई दी गई।

अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र और उपस्थित पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल, श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान रिटायर कर्मियों का सम्मान करते हुए अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि हमारी सोसाइटी की सहकारिता जगत में विशिष्ट पहचान हमारे इन वरिष्ठ सदस्यों की बदौलत बनी है। ऐसे में हम अपने इन वरिष्ठ साथियों का योगदान हमेशा याद रखेंगे। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने भी अपनी बात रखी। जनरल इस्टेब्लिशमेंट से गिरीश जैन, जयंत कुमार मुसले सहित कई कर्मियों ने कहा कि सेक्टर-6 सोसाइटी का कामकाज हमेशा पारदर्शी रहा है। इस दौरान निरंजन मधुकर मुले, द्वारिका प्रसाद मिश्रा, चंद्रप्रकाश शर्मा, संतराम, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड ऑटोमेशन से अशोक कुमार गुप्ता, प्लेट मिल से जयंत कुमार मुसले, शाजी पी पप्पन, ओ एच पी से रामचरण वर्मा, वाटर मैनेजमेंट से रामकिशुन, ढेला आनंद, कैपिटल हैवी मेंटेनेंस सीएचएम) से हरिराम, एलडीसीपी से दयाराम, स्टील मेल्टिंग शाप-2 से रामनारायण, मर्चेंट-वायर राड मिल से विभीषण बघेल, सिंटर प्लांट-3 से समेलाल, मोहन लाल वर्मा और राजहरा माइंस से योगेंद्र कुमार में उपस्थित सदस्यों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

## गणपति विहार फेज-4 के अधूरे कामों को लेकर नागरिकों ने जताया आक्रोश



**दुर्ग।** गणपति विहार कॉलोनी के फेज 4 के निवासियों ने लंबे समय से अधूरे पड़े कार्यों के प्रति बिल्डर द्वारा हीलाहवाला किए जाने से बिल्डर ऑफिस में पहुंचकर अपना आक्रोश व्यक्त किए। निवासियों ने बताया कि फेज 4 में गार्डन को अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। खेल मैदान के लिए जगह तो उपलब्ध है लेकिन वहां समतलीकरण नहीं होने से बच्चे खेल नहीं पा रहे है। इन दिनों कॉलोनी में आवारा पशुओं की वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं पेड़ पौधे भी असुरक्षित हो गए है। लोगों ने बिल्डर के प्रतिनिधि जय कुमार अम्बानी को सभी समस्याएं बताई जिन्हें बिल्डर ने प्रचारित किया था। चर्चा में जयकुमार ने आश्वासन दिया कि वे बिल्डर से बात कर शीघ्र शेष कार्य पूर्ण कराएंगे। उल्लेखनीय है लगातार फेज 4 के निवासियों ने समस्याओं के लिए अपना पक्ष रखा है पर हल नहीं निकलता देख गुस्सा फूट पड़ा। समिति के प्रदीप कुमार अमृत एवं नवीन तिवारी ने शीघ्र कार्य नहीं होने पर उच्च स्तर पर शिकायत की बात कही। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

## नेहरू नगर में सम्पन्न हुआ पिच्छी परिवर्तन महोत्सव, निकली शोभायात्रा

# ब्राह्मणों की पहचान शिखा व तिलक, सिखों की कृपाण वैसे ही दिगंबर जैन संतों की पहचान पिच्छी और कमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

देश की पहचान ध्वज और मुद्रा से होती है जबकि पार्टी की पहचान चिन्ह से होती है वही व्यक्तियों की पहचान उसके गुण से होती है। इसके अलावा व्यक्ति की पहचान भाषा और उसके रहन-सहन खान-पान से होती है जाति की पहचान भी अलग-अलग धार्मिक क्रियाओं और वस्तुओं से होती है। वहीं ब्राह्मणों की पहचान शिखा, तिलक आदि से होती है सिख धर्म के कतरी और केशव से मुस्लिम धर्म के अनुयाई की पहचान टोपी और नवाज से होती है वैसे ही दिगंबर संतो की पहचान पीच्छी और कमंडल से होती है। यह बातें नेहरु नगर में आर्यका माताजी पिच्छी परिवर्तन आयोजन के दौरान कही। नेहरू नगर जैन मंदिर के इतिहास में प्रथम चातुर्मास की समापन बेला पर भव्य ऐतिहासिक पिच्छी परिवर्तन महोत्सव सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सुबह भक्तों द्वारा श्री जी के अभिषेक व मूलनायक भगवान श्री पार्श्वनाथ पूजन आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में मोर पंख से तैयार पिच्छी को महिलाओं ने शीष पर विराजमान कर और प्रमुख पात्रों से सुसज्जित 10 बग्घियों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

### आचार्य विद्यासागर और समयसागर महाराज के चित्रों का हुआ अनावरण

समारोह का ध्वजारोहण उद्योगपति अरविंद जैन, कनिका जैन द्वारा किया गया। धार्मिक विधि विधानाचार्य अनेकान्त जैन द्वारा सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर अनेक विविध सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर और आचार्य समयसागर महाराज के चित्र का अनावरण विभिन्न मंदिरों के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। बाल ब्रह्माचारी लौकान्तिक देव आग्रह, अपूर्व, आर्जव, अनंत, हितार्थ, विज्ञ, ईशान, विहान, विवान, वेद, युग, सार्थक द्वारा मंजीरा भक्ति नृत्य कर व आरोही - अवनि द्वारा मंगलाचरण किया गया।

## दुर्ग में यादव ठेठवार समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

**दुर्ग।** यादव ठेठवार समाज द्वारा दीपावली मिलन और कार्यकारिणी बैठक का आयोजन राजीव नगर स्थित सामुदायिक भवन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री राधे कृष्ण की पूजा-अर्चना से की गई।समारोह में समाज के पदाधिकारियों ने पारंपरिक यदुवंशी दोहे गाकर दीपावली का उल्लास मनाया। भरे गांव गितकेरा बाबू, बहुते उपजे बोहार हो... पाइया लागव बंसी वाले के, झोकव मोरो जोहार जैसे दोहे गूंजते रहे और सभी झूम उठे। इस मौके पर राष्ट्रपति सम्मानित गुरुजी कलीराम यादव ने दीपावली और छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर कविता पाठ किया। सदस्यों ने दिसंबर के अंतिम सप्ताह में भव्य पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित करने पर सहमति जताई। समाज को और संगठित करने के लिए नवंबर माह में चार ब्लॉक स्तरीय बैठकें करने का निर्णय भी लिया गया।




आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान विजेता

**डोंगरगांव।** आशा चाइल्ड वेलफेयर समिति ने बीते दिनों रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्पर्धा का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष अनिल रुपलानी ने किया। प्रतियोगिता में नगर की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायकों के निर्णय अनुसार स्पर्धा में प्रथम स्थान मुस्कान टावरी, द्वितीय सीमा जैन और तृतीय स्थान युक्ता वैष्णव ने प्राप्त किया। समिति द्वारा सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### चार जगह डांस स्पर्धा एक को

**खडगांव।** देव उठनी एकादशी और तुलसी विवाह के मौके पर ग्राम में आगामी एक नवंबर को चार जगहों पर डांस प्रतियोगिता रखा गया है। यह आयोजन अटल चौक, बजरंग चौक, ठाकुरटोला और सरोली में किया गया है। सामूहिक, युगल और एकल वर्ग में आयोजित डांस प्रतियोगिता में विजेताओं को नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। सभी जगह डांस प्रतियोगिता को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है।

### ढाबा में मंच का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्राम ढाबा में मंच का भूमिपूजन किया। इस मौके पर श्रीमती बघेल ने कहा कि यह मंच गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर ग्रामीण और युवाओ को छलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन के नाम से महिलाओं को गुमराह किया गया अब बिजली की मार से कमर तोड़ा जा रहा है।

### कलेक्टर से मिले किसान

**डोंगरगढ़।** ग्राम कलकसा, अमलीडीह, मोहंदी के किसानों ने गिरदावरी के नाम पर हो रही मनमानी को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया।

### सुरक्षा बल ने मनाया स्थापना दिवस

**डोंगरगढ़।** आईटीबीपी ने अपना 64 वां स्थापना दिवस सामरिक मुख्यालय में उल्लास से मनाया। इस मौके पर द्वितीय कमान विनोद कुमार ने बल ध्वज को सलामी दिया। बल गान के साथ सभी अधिकारी एवं हिमवीरों ने सम्मान व्यक्त किया। विनोदकुमार ने बताया कि भातिसीपु बल सीमाओं की सुरक्षा के अतिरिक्त आन्तरिक सुरक्षा व वीआईपी सुरक्षा के साथ विभिन्न देशों में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशानों में जिम्मेवारी निभा रहा है। अंत में मिठाई वितरित किया गया। मधुर देश भक्ति संगीतो से आयोजन का समापन हुआ।

### मूर्ति तोड़ने की निंदा

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ने की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि अस्मिता, सम्मान और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक थी। इसका अपमान, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि राजधानी में इस तरह की घटना होना सरकार की प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है।

**आयोजन:** कलेक्टर रणवीर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

# शासन की योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में अधिकारी दिखाएं गंभीरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ राज्योत्सव कार्यक्रमों के गरिमामय आयोजन के लिए अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

कलेक्टर रणवीर शर्मा ने अधिकारियों सं कहा कि शासन की योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पूर्ण गंभीरता और जवाबदेही का परिचय दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शासन की मंशानुरूप कार्य करते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित विभागीय अधिकारी पर उत्तरदायित्व तय किया जाएगा।

कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष मे अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के अंतर्गत जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रमों के गरिमामय आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव जिले की प्रतिष्ठा और गौरव से जुड़ा अवसर है। इसका आयोजन भव्य एवं गरिमामय ढंग से किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्र में बीते 25 वर्षों में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने हेतु स्टॉल लगाएं। राज्योत्सव में जिले की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक उपलब्धियों को रेखांकित किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि आयोजन में जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा आम नागरिकों, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम को सार्थक बनाया जाए।

### धान खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

कलेक्टर श्री शर्मा ने आगामी 1 नवंबर से प्रारंभ हो रही धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र में किसानों के लिए बैठक की व्यवस्था, छाया शेड, पेयजल, तौल मशीन, बारदाने की उपलब्धता और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए। किसी भी किसान को अनावश्यक प्रतीक्षा या परेशानी का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने समिति प्रबंधकों और खाद्य विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहते हुए व्यवस्था का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

**अवैध शराब विक्रय पर करें कड़ी कार्रवाई :** बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले में अवैध शराब विक्रय और परिवहन पर रोक लगाने के लिए आबकारी एवं पुलिस विभाग को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाज में असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध शराब के माध्यम से माहौल बिगाड़ने के प्रयासों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करें। अवैध कारोबार से जुड़े तत्वों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### सड़क सुरक्षा और आवारा पशुओं पर करें नियंत्रण

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करवाया जाए। यातायात पुलिस को लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने तथा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने सड़कों पर विचरण कर रहे आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिए नगरीय निकायों और पंचायतों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन पशुओं के कारण न केवल दुर्घटनाएं होती हैं, बल्कि नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### प्रधानमंत्री आवास और उज्ज्वला योजना की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को स्वीकृत राशि शीघ्र उनके खातों में अंतरित की जाए। साथ ही, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत जो पात्र हितग्राही अब तक योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं, उनका चिन्हांकन कर प्राथमिकता से लाभांवित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाना है, इसलिए प्रत्येक स्तर पर सक्रियता और संवेदनशीलता आवश्यक है।

## प्रयास युवा समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गांव के वरिष्ठ कलाकार का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

प्रयास युवा समिति बीजा गोंड़ के तत्वाधान में ग्राम बीजागोंड़ में दीपावली पशचात युवाओं द्वारा बहुत ही सुंदर सा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया और गांव के वरिष्ठ लोगों को ही अतिथि बनाये व सम्मान किये, गांव का वरिष्ठ कलाकार बेनी राम गंधर्व को जो बचपन से कलाकार है और आज पर्यंत लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं, ढोलक, दफड़ा मोहरी वादक है को युवाओं ने मंच में सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव से निरस्ता दूर करना और गांव में बच्चों ,युवाओं ,बुजुर्गों का उत्साह वर्धन करना के उद्देश्य से एक समिति का निर्माण किया गया। जिस समिति का नाम है प्रयास युवा समिति बीजागोंड़। समिति के संयोजक धनेश रजक ,बसंत कौशिक, दिनेश वर्मा,यशवंत गंधर्व ने सामूहिक रूप से कहा कि इस समिति का निर्माण बहुत सारे गांव के प्रति कार्यों को लेकर किया गया है, हमारी समिति चाह रही है गांव मे वृहद पौधारोपण हो, स्वच्छता पर विशेष जोर हो,गांव के गरीब परिवार का दुख सुख मे सहयोगी बन सके, गांव के तीज त्यौहार को नया रूप देकर अच्छा से उत्सव मना सके, गांव मे प्रत्येक वर्ष शिक्षा प्रद हमारी संस्कृति परम्परा को जो सांस्कृतिक मंच परोस सके ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करना, गांव के बच्चों को शिक्षा के प्रति, खेलकूद के प्रति, व्यवसाय के प्रति जागरूक करना आदि। संगी जहुरिया रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी तीज त्यौहार और स्वच्छता से संबंधित संस्कार से संबंधित नाटक प्रस्तुत किये,जिनका आनंद गांव के बच्चे, बहुऐ,बेटीयां माताएं व ग्राम वासियों व आप पास के गांव से आये दर्शकों ने लिये। समिति के सभी सदस्य दिनेश वर्मा, यशवंत गंधर्व, बसंत कौशिक, धनेश रजक,रोमन निर्मल कर, भूपेंद्र महेन्द्र गंधर्व, प्रवीण कौशिक,लुकेश जंघेल, सुदर्शन, शिवनाथ,शेषु वर्मा,हरि राम, विनोद गंधर्व,परमानंद रजक, दीपक ,तिलेश ,पोषण, नरेंद्र ,पंचराम ,जगचन वर्मा, संतराम दुर्गेश लक्ष्मण डॉक्टर मुकेश बागरेचा गया। रामकुमार दादा रजक टेकराम मेघनाथ वीरेंद्र चंद्र कुमार देवनाथ नरेश, देवांगन फैंसी स्टोर्स, हरिश्चंद्र राजेश दया सालिक सरजु उपस्थित रहे।

## सहस्त्रबाहू भगवान की जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



■ दीपों से जगमगाया कलार समाज धर्मशाला परिसर

नगर के जायसवाल धर्मशाला में सोमवार को कलार समाज नवागढ़ मण्डल द्वारा आराध्य देव भगवान सहस्त्र बाहु अर्जुन की जयंती बड़े ही भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाई गई। भक्ति, संगीत और दीपों की जगमगाहट से सजे इस कार्यक्रम ने पूरे नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

प्रातः काल कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सत्यनारायण कथा से हुई, जिसमें समाज के वरिष्ठ रामभरोस सिन्हा सपत्नीक यजमान बने। कथा पूजन के पश्चात धर्मशाला परिसर में समाज का झंडा रोहण कर एकता और परंपरा का संदेश दिया गया। दोपहर में सत्संग मानस परिवार दर्रीपारा नवागढ़ द्वारा प्रस्तुत रामचरित मानस गान ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शाम ढलते ही जब दीपों से धर्मशाला आलोकित हुई और संगीतमय महाआरती प्रारंभ हुई तो उपस्थित श्रद्धालु जय सहस्त्रबाहु भगवान के जयघोष से गूंज उठे। इसके बाद प्रसाद स्वरूप हलवा-पूरी का वितरण हुआ। इस भव्य आयोजन में कलार समाज बेमेतरा जिला अध्यक्ष विरेंद्र जायसवाल, मण्डलेश्वर अजय सिन्हा, सचिव दिलीप जायसवाल, कोषाध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा, संरक्षक सुरेश सिन्हा, ग्राम प्रमुख बलिराम सिन्हा, क्षेत्राधिकारी रामप्रसाद सिन्हा, तहसील युवाध्यक्ष पप्पू सिन्हा, धर्मशाला समिति के सचिव विद्यानंद जायसवाल, कोषाध्यक्ष मनीष सिन्हा, पार्षद जीवनराम सिन्हा, रमेश सिन्हा, राजू सिन्हा, जिला कोष निरीक्षक नरसिंह सहित समाज के सभी प्रमुख सदस्य एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कलार समाज नवागढ़ मण्डल के अंतर्गत गोपालभैना, नगधा, मारो, बरबसपुर, बघुली सहित विभिन्न ग्रामों से श्रद्धालु इस उत्सव में सम्मिलित हुए। दीपों की रौशनी, आरती की ध्वनि और एकता की भावना ने माहौल को अद्भुत बना दिया।

## ब्रह्म मुहूर्त में उठकर श्रेष्ठ विचार करने से बनेगा तनावमुक्त खुशहाल जीवन : ब्रह्माकुमारी पूनम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



हम बार बार सोचते हैं वैसा हमारा जीवन बनता जाता है। हमारे हर संकल्प का प्रभाव जीवन पर पड़ता है। हमारे साथ होने वाली हर घटना के लिए हमारे हर संकल्प जिम्मेदार हैं। उक्त बातें इंदौर से पधारी प्रख्यात तनाव मुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा के तत्वावधान में मंडी प्रांगण बेमेतरा में आयोजित नौ दिवसीय अलविदा तनाव निःशुल्क शिविर के प्रथम दिवस के दिव्य उद्बोधन में कही। आगे आपने बताया कि हमारे दो प्रकार के मन होते है पहला बाहरी मन (कॉन्सियस माइंड) व दूसरा अंतरमन (सबकॉन्सियस माइंड) अंतर्मन आज्ञाकारी सेवक होता है। उसको जो संकल्प बार-बार देंगे वो पूरा कर देता है।

जब हम सुबह सूर्योदय से पूर्व ब्रह्ममुहूर्त में सोकर उठते हैं तो शुरू के 20 मिनट हमारा अंतरमन जगा रहता है। उस समय जो विचार उसमें डाल देंगे तो वह तथास्तु कर देगा। सभी समस्याओं, तनाव, दुखों, बीमारियों, से भी अधिक शक्तिशाली मैं हूं ।

### भव्य कलश यात्रा शहर में ब्रह्माकुमारी पूनम बहन का हुआ स्वागत

अलविदा तनाव शिविर मंडी प्रांगण में शहर वासियों को आमंत्रण के लिए ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र से रेस्टहाउस चौक, परशुराम चौक, बाजार चौक, पुराना बस स्टैंड चौक होते हुए मंडी प्रांगण तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भव्य कलश यात्रा में मुख्य आकर्षण लाइटिंग से सजे हुए रथ में पूनम दीदी का आसन, आध्यात्मिक डीजे धुन में थिरकते राउत नाचा ड्रेस में सजे बी के भाई, सैकड़ों की संख्या में कलश लिए हुए माताओं एवं बहनों की लम्बी लाइन, से पुरे शहर में आध्यात्मिक वातावरण बन गया। शहर के गणमान्य नागरिकों ने भव्य कलश यात्रा के दौरान ब्रह्माकुमारी पूनम बहन का जोरदार स्वागत वंदन अभिनंदन करते हुए यात्रा में फल एवं जूस वितरीत किये। मंडी प्रांगण शिविर में पहुँचने पर आतिशबाजी, फूल मालाओंऔर बच्चों के नृत्य से जोरदार स्वागत हुआ।

### दीप प्रज्ज्वलन में पहुंचे शहर के शीर्ष नेतृत्व

ब्रह्माकुमारीज अलविदा तनाव शिविर का उद्घाटन सत्र दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ दीप प्रज्ज्वलन में विधायक दीपेश साहू, रजक विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक ,नगर पालिका विजय सिन्हा , एस पी रामकृष्ण साहू,अवधेश पटेल राजेन्द्र शर्मा, ताराचंद महेश्वरी, महेन्द्र बिर्दी ,अल्का तिवारी, सहित बेमेतरा के सैकड़ों वरिष्ठ गणमान्य नागरिक अलविदा तनाव शिविर में शामिल हुए। ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी शशि दीदी ने सभी अतिथियों और नगर वासियों का आभार व्यक्त किया और मंडी प्रांगण अलविदा तनाव निःशुल्क शिविर में प्रतिदिन शाम 7 बजे सभी को सपरिवार आने का निमंत्रण दिया।

## स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही से कलेक्टर नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला



कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने बुधवार को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में कसावट लाने तथा जनसुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मैराथन समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि एएनसी रजिस्ट्रेशन का पूर्ण डेटा अद्यतन और शत-प्रतिशत होना चाहिए। उन्होंने संबंधित बीएमओ और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं का घर-घर सर्वे कर पंजीयन सुनिश्चित करें ताकि कोई भी गर्भवती महिला स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खराब प्रगति वाले बीएमओ एवं संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने विभाग में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय योजनाओं और गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण पुनर्वास केंद्र, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सिकलसेल रोग नियंत्रण, राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत योजना, ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा तथा आईएचआईपी पोर्टल जैसे कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की।

## एसपी के तीखे तेवर से शराब कोचिया और सटोरिये डरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

पुलिस अधिक्षक अंकिता शर्मा के तीखे तेवर को देखते हुए नगर में अवैध शराब बेचने और जुआ सटटा का करोबार करने वाले फरार हो गए हैं। शराब बेचने वालों के ठिकाने और पीने की सुविधा मुहैया कराने वाली होटल ढाबा में ताला लटक गया है। जानकारी के अनुसार सट्टा पट्टी लिखने वालों के अलावा खाईवाल भी फरार हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के चार्ज लेने के बाद थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों का स्थानातंण कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद सेटिंग गडबड़ाने से अवैध कारोबार में लिप्त लोगो में हडकंप मच गया। वहीं पुलिस अधीक्षक के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के कड़े निर्देश के बाद पहली बार दहशत देखा जा रहा है। इन दिनों पुलिस जरूर गंभीर दिखाई दे रही है किन्तु आबकारी विभाग अवैध शराब की बिक्री को रोकने को लेकर तत्पर नजर नहीं आ रहा है। सरकारी शराब दुकान के सेल्समेन कोचियों को थोक में शराब मुहैया करा रहे हैं। मेढा, कटली व बोरतलाव दुकान से पहले की तरह शराब की अवैध निकासी हो रही है।

## गातापार में जयंती पर निकली शोभायात्रा

**डोंगरगढ़।** गातापार खुर्द में कलार समाज ने अपने इष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाया। गांव में कलश यात्रा निकाला गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, विशिष्ट अतिथि निर्मला सिन्हा, सरपंच बलराम वर्मा, गंगाराम सिन्हा, पूनम सिन्हा, मनोहर सिन्हा, प्रकाश सिन्हा थे। इस दौरान मुख्य अतिथि लता सिन्हा ने सीसी रोड के लिए 5 लाख देने की घोषणा की।

## मुमुक्षु प्रिया के गृहनगर आगमन पर किया ऐतिहासिक स्वागत



**साजा।** नगर की होनहार कन्या, मुमुक्षु बहन श्री प्रिया छाजेड़ ने सांसारिक सुखों का त्याग कर संयम पथ पर चलने का दृढ़ निश्चय किया है। वह आगामी 11 नवंबर 2025 को देशनोक में जैन भागवती दीक्षा ग्रहण करेंगी। इस पुनीत घोषणा के उपरांत आज मुमुक्षु प्रिया का गृह नगर साजा में आगमन हुआ। नगर प्रवेश पर जैन समाज, माहेश्वरी समाज के अलावा सर्व समाज के हजारों लोगों ने बाजे-गाजे के साथ उनका भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया। सर्वप्रथम, मुमुक्षु बहन ने स्थानीय जैन भवन में विराजित साध्वी प.पू.सा. श्री चैत्यदर्शिता श्री जी म.सा. आदि ठाणा 8 से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उत्साह से भरे सर्व समाज के जनसमूह ने उन्हें उनके घर तक पहुंचाया।







